As Per NEP

SPARK SCHOLARS SERIES

भव्या

# अक्षर ज्ञान

से

A




## OUR ADDRESSES IN INDIA

**Jalandhar City** : Near Sitla Mandir, Circular Road, Mai Hiran Gate, **Jalandhar**–144008
Ph.: (0) 0181– 4606107, 08, 09, 7710711711 website : svineshonline.in, e-mail : sdineshandco@gmail.com

**New Delhi** : 4265, Gali No. 3, Mohalla Panjabian, Ansari Road, Darya Ganj, **Delhi**
Ph.: 011–23250628, 23250058, e-mail : sdineshdelhi@gmail.com

**Bengaluru** : No. 60, 2nd Main, 11th Cross, Vittal Nagar, **Bengaluru**
Ph.: 080–26755085 e-mail : sdineshbengaluru@rediffmail.com

**Ranchi** : South Samaj Street, Beside Srilok Complex, H. B. Road, Tharpakhana, **Ranchi–1**
Ph.: 0651-2211334 e-mail : sdineshandcoranchi@gmail.com

**Cochin** : 41/161, Ammankovil Road, Near KSRTC, **Ernakulam–682035**
Ph.: 0484-4851453 e-mail : sdineshcochin@gmail.com



**Published by** : Vinesh Jain, Near Sitla Mandir, Circular Road, Mai Hiran Gate, Jalandhar-144008

**Printed at** : Maanglik Printers, Unit-S. Dinesh & Co., Ram Bagh, Transport Nagar, Jalandhar

# अ से अनार

**KIDS IQ**

1. अनार किस रंग का होता है ?
2. अनार कहाँ उगते हैं ?

अ से अनार जम कर खाओ।
जूस पियो और सेहत बनाओ।।





अदरक



अमरूद



अजगर

# आ से आम

**KIDS IQ**

1. आड़ू का स्वाद कैसा होता है ?
2. आलू कहाँ उगता है ?

आ से आम है पीला-पीला।
खाने में है बड़ा रसीला।।





आड़ू



आलू



आग

# इ से इमली

इ से इमली खाओ न कच्ची।
चटनी में यह लगती अच्छी।।

**KIDS IQ**

1. इमली का स्वाद खट्टा होता है या मीठा ?
2. इस्त्री का उपयोग किस लिए किया जाता है ?





इलायची



इमरती



इस्त्री

# ई से ईख

ई से ईख खेत में उगती।
गुड़ और चीनी इससे बनती।।



**KIDS IQ**

1. ईख से क्या बनाया जाता है ?
2. ईंट का उपयोग किस लिए किया जाता है ?



ईंट



ईद



ईंधन

# उ से उल्लू

उ से उल्लू रात को जागे।
दिन निकले तो डर कर भागे।।





KIDS IQ

1. उल्लू रात को सोता है या दिन में ?
2. क्या आपको कभी किसी ने उपहार दिया है ?



उड़नखटोला



उस्तरा



उपहार

# ऊ से ऊँट

**ऊ** से **ऊँट** रेत पर चलता।
पीठ पर इसके कूबड़ सजता।।

**KIDS IQ**

1. ऊन का उपयोग सर्दियों में किस लिए किया जाता है ?
2. क्या आप जानते हैं कि ऊँट को रेगिस्तान का जहाज़ कहा जाता है ?





ऊन



ऊदबिलाव



ऊष्मा

# ऋ से ऋषि

ऋ से ऋषि ध्यान लगाते।
अच्छी-अच्छी बातें समझाते।।

**KIDS IQ**

1. ऋषि कौन होते हैं ?
2. ऋग्वेद क्या है ?





ऋतु



ऋषभ




ऋग्वेद

# ए से एकतारा

**KIDS IQ**

1. हमारी एड़ी कहाँ होती है ?
2. एकतारा में कितने तार होते हैं ?

ए से एकतारा मीरा ने बजाया।
कृष्ण-प्रेम का गीत सुनाया।।





एकता



एड़ी



एक

# ऐ से ऐनक

ऐ से ऐनक, साफ दिखाए।
सुंदरता को और बढ़ाए।।

**KIDS IQ**

1. क्या आपने कभी ऐनक पहनी है ?
2. क्या आप ऐश्वर्य का दूसरा अर्थ बता सकते हैं ?





ऐश्वर्य



ऐम्बुलेंस



ऐलान

# ओ से ओखली

ओ से ओखली, होती खोखली,
मसाले कूटे, संग मूसली।

**KIDS IQ**

1. ओखली का उपयोग किस काम में होता है ?
2. क्या आपने कभी ओस देखी है ?





ओढ़नी



ओणम



ओस

# औ से औरत

औ से औरत, न्यारी-सी,
माँ के जैसी, प्यारी-सी।



**KIDS IQ**

1. क्या आपने कभी औषधि देखी है ?
2. औज़ारों का उपयोग किस काम के लिए होता है ?



औज़ार



औषधि



औलाद

# अं से अंगूर

अं से अंगूर, हरे-हरे,
मीठे रस से, भरे-भरे।

**KIDS IQ**

1. अंगूर का रंग कैसा होता है ?
2. अंडे का आकर कैसा होता है ?







अंडा



अंकुर



अंगूठी

# अः



अः से कोई शब्द आरंभ नहीं होता।
बच्चों से इसकी ध्वनि का उच्चारण करवाएँ।

# अभ्यास

चित्रों का सही अक्षरों से मेल मिलाओ-



ऊ अ आ



अ औ ए



ऋ ओ औ



अ इ ऋ



आ अ उ



उ ओ ऊ



औ ओ ऋ



उ ऐ ए



इ ई उ



अं आ अ



अं इ अं



आ अ इ

# क से कबूतर

क से कबूतर मन को भाता।
गुटर गुँ-गुटर गुँ गीत सुनाता।।

**KIDS IQ**

1. क्या आपने कभी कबूतर को उड़ते हुए देखा है ?
2. कमल का फूल किस रंग का होता है ?





कछुआ



कमल



कलम

# ख से खरगोश

KIDS IQ

1. खरगोश कितनी तेज़ दौड़ता है ?
2. खटमल कैसा होता है ?

ख से खरगोश, गाजर खाता,
लंबी-लंबी, कूद लगाता।





खजाना



खटमल



खरबूजा

# ग से गमला

ग से गमला, देता है फूल,
पानी देना मत जाना भूल।

**KIDS IQ**

1. गमले में पौधे उगते हैं या फिर पेड़ ?
2. गाजर का रंग कैसा होता है ?





गाजर



गाय



गधा

# घ से घर



घ से घर है, सबसे सुन्दर,
रहता हूँ मैं, इसके अन्दर।

**KIDS IQ**

1. घड़ी हमें क्या बताती है ?
2. घोड़े की कितनी टाँगें होती हैं ?

# ङ

ङ से कोई शब्द आरंभ नहीं होता।
बच्चों से इसकी ध्वनि का उच्चारण करवाएँ।



घोड़ा



घनाभ




घड़ी

# च से चरखा

च से चरखा, चलता जाता।
घूम–घूमकर देता धागा।


KIDS IQ

1. चम्मच का उपयोग खाने के लिए होता है या पीने के लिए ?
2. चाँद हमें कब और कहाँ दिखता है ?





चम्मच



चटाई



चाँद


# छ से छतरी

छ से छतरी, मेरी प्यारी,
रंग-बिरंगी, सबसे न्यारी।

**KIDS IQ**

1. क्या आपने कभी छाता इस्तेमाल किया है ?
2. छड़ी का उपयोग किस लिए किया जाता है ?





छलनी



छात्र



छड़ी

# ज से जहाज़

ज से जहाज़, चलता जाए,
दुनिया की यह, सैर कराए।

**KIDS IQ**

1. जहाज़ हवा में उड़ता है या पानी में चलता है ?
2. जलेबी खाने में मीठी होती है या नमकीन ?





जोकर



जलेबी



जग

# झ से झरना



झ से झरना, गिरता, बहता,
पानी इसका, शीतल रहता।

KIDS IQ

1. झाड़ू किसके लिए होता है ?
2. झरना पानी से बनता है या हवा से ?

# ञ

ञ से कोई शब्द आरंभ नहीं होता।
बच्चों से इसकी ध्वनि का उच्चारण करवाएँ।



झोपड़ी



झाड़ू



झंडा

# ट से टमाटर

ट से टमाटर, लाल और पीला,
होता है यह, खट्टा और रसीला।

**KIDS IQ**

1. टमाटर का रंग कैसा होता है ?
2. क्या आपने कभी टम टम की सवारी की है ?





टमटम



टोकरी



टब

# ठ से ठठेरा

ठ से ठठेरा, बरतन बनाए,
ठक-ठक, ठक-ठक, करता जाए।

**KIDS IQ**

1. ठठेरा क्या काम करता है ?
2. ठेले का उपयोग किसके लिए होता है ?





ठग



ठेला



ठप्पा

# ड से डमरू

**KIDS IQ**

1. क्या आपने कभी डमरू बजाया है ?
2. डाकिया हमारे लिए क्या लाता है ?

ड से डमरू, बजता डम-डम,
नाचे बंदर, छम-छम, छम-छम।





डलिया



डाकिया



ड्रम

# ढ से ढोल

ढ से ढोल बजे जब मेले में,
सब झूम उठें रंगीले मेले में।

**KIDS IQ**

1. ढोल बजाने के लिए होता है या सुनने के लिए ?
2. ढक्कन का उपयोग किसके लिए होता है ?

ण से कोई शब्द आरंभ नहीं होता।
बच्चों से इसकी ध्वनि का उच्चारण करवाएँ।



ण



ढपली




ढाल



ढक्कन

# अभ्यास

चित्रों का सही अक्षरों से मेल मिलाओ-



च ज ट



ख छ ठ



छ ढ ड



छ घ ड



ग क च



झ ग च



ज ड घ



घ ट ख



ढ छ ख



ट घ ठ



ग ढ ज




क अ ग

# त से तरबूज

त से तरबूज, है बेमिसाल,
हरा है बाहर, अंदर है लाल।

**KIDS IQ**

1. तरबूज गर्मियों में खाया जाता है या सर्दियों में ?
2. तोता एक पक्षी है या फिर कीड़ा ?





तबला



तलवार



तोता

# थ से थरमस

थ से थरमस की गजब कहानी,
गरम रखे चाय और ठंडा रखे पानी।



**KIDS IQ**

1. थैले का उपयोग किसके लिए होता है ?
2. थर्मस में क्या रखा जाता है ?



थैला



थाली



थकान

# द से दवात

द से दवात में नीली स्याही,
पढ़ लो, लिख लो, सब मिल भाई।

**KIDS IQ**

1. दरवाजा खोलने के लिए क्या करना पड़ता है ?
2. दीपक किससे जलाया जाता है ?





दरवाजा



दवाई



दीया

# ध से धनुष

**KIDS IQ**

1. क्या आपने कभी धनुष देखा है ?
2. धन हमारे किस काम आता है ?

ध से धनुष, कहलाता हूँ मैं,
राम-लक्ष्मण का प्यारा हूँ मैं।





धागा



धरती



धन

# न से नाव

न से नाव तैरी गहरे सागर में,
खुशियाँ लायी बच्चों के नगर में।

**KIDS IQ**

1. नींबू का स्वाद खट्टा होता है या फिर मीठा ?
2. क्या आपने कभी नाव की सवारी की है ?





नींबू



नमक



नाशपाती

# प से पतंग

**KIDS IQ**

1. पतंग कहाँ उड़ाई जाती है ?
2. पपीता फल है या फिर सब्जी ?





प से पतंग, मैं बड़ी निराली,
उड़ती हूँ गगन में, होकर मतवाली।



पपीता



पेंसिल



पालक

# फ से फल

फ से फल, जो रोज है खाता,
बीमारी से वो दु:ख नहीं पाता।

KIDS IQ

1. क्या आपको फुटबॉल खेलना पसंद है ?
2. फल खाने से क्या मिलता है ?





फव्वारा



फुटबॉल




फन

# ब से बरगद

KIDS IQ

1. क्या आपने कभी बन्दर का खेल देखा है ?
2. क्या बतख उड़ सकती है ?



ब से बरगद की छांव घनी,
बरगद के नीचे सुस्ताएं सभी।



बतख



बकरी



बंदर

# भ से भालू

भ से भालू, शहद चुराकर भाग जाता,
मौज-मस्ती में दिन बिताता।



**KIDS IQ**

1. भालू जंगल में रहता है या नहीं ?
2. भेड़ कैसी आवाज़ निकालती है ?



भवन



भेड़



भिंडी

# म से मछली

म से मछली जल की रानी,
जीवन है इसका पानी।



**KIDS IQ**

1. मछली कहाँ रहती है ?
2. क्या आपको मकड़ी से डर लगता है ?



मकड़ी



मेंढक



मोर

# य से योग

यह योग है जीवन का उपहार,
स्वास्थ्य और शांति का साकार।

KIDS IQ

1. योग करने से क्या होता है ?
2. यान कहाँ उड़ता है ?





यमराज



याक



यान

# अभ्यास

चित्रों का सही अक्षरों से मेल मिलाओ–












त

थ

द

ध

न

प

फ

ब

भ

म












# र से रथ

र से रथ की बात न्यारी,
यह होती है शाही सवारी।



**KIDS IQ**

1. रस्सी किसके लिए उपयोग होती है ?
2. रानी अपने सिर पर क्या पहनती है ?



रस्सी



राजा



रानी

# ल से लट्टू

ल से लट्टू, घूमे गोल-गोल,
बचपन की मस्ती, अनमोल।

KIDS IQ

1. लड्डू मीठा होता है या नमकीन ?
2. लीची में बीज होता है या नहीं ?





लीची



लड़का



लड्डू

# व से वक

व से वक, कहलाता हूँ,
मछली पकड़कर खाता हूँ।



**KIDS IQ**

1. क्या आपको वर्षा पसंद है ?
2. गर्मी में हम कैसे वस्त्र पहनते हैं ?





वस्त्र



वर्षा



वकील

# श से शलगम

श से शलगम को तुम खाओ,
खाकर अपना तन, स्वस्थ बनाओ।



**KIDS IQ**

1. क्या आपने कभी शलगम खाया है ?
2. शहद हमें किस से मिलता है ?



शहद



शरबत



शंख

# ष से षट्कोण

ष से षट्कोण, है कितना प्यारा,
छः भुजाओं से, बना है सारा।

**KIDS IQ**

1. षट्कोण का मतलब क्या होता है ?
2. षड्यंत्र किसके लिए होता है ?





षड्यंत्र



षट्पद



षट्

# स से सरकस

स से सरकस, मन बहलाए,
जोकर सबको खूब हँसाए।

KIDS IQ

1. संतरा खाने में स्वादिष्ट होता है या नहीं ?
2. सूरज कब उगता है ?





संतरा



सूरज



सेब

# ह से हाथी

ह से हाथी, राजा की सवारी,
सजधज कर निकले, शान है प्यारी।

KIDS IQ

1. ह से किसी रंग का नाम बताइए ?
2. हाथी बड़ा होता है या छोटा ?





हल



हथौड़ा



हिरन

# क्ष से क्षत्रिय

क्ष से क्षत्रिय, होता है वीर,
रखता है तलवार और तीर।



**KIDS IQ**

1. क्षत्रिय कौन होते हैं ?
2. क्षमा करना अच्छा होता है या बुरा ?



क्षीर



क्षमा





क्षण

# त्र से त्रिशूल

त्र से त्रिशूल, शिव का प्यारा,
इससे दुष्ट दैत्यों को मारा।



**KIDS IQ**

1. त्रिशूल किसका प्रतीक है ?
2. त्रिकोण का मतलब क्या होता है ?





त्रिभुज



त्रिदेव



त्रिकोण

# ज्ञ से ज्ञानालय

ज्ञ से ज्ञानालय, विद्या का है स्थान,
पढ़कर सब बनते यहाँ, बुद्धिमान महान्।

KIDS IQ

1. ज्ञान किससे प्राप्त होता है ?
2. पढ़कर सब क्या बनते हैं ?






ज्ञापन



ज्ञानी



ज्ञान

# श्र से श्रमिक

श्र से श्रमिक, श्रम है करता,
मेहनत से वह कभी न हटता।



**KIDS IQ**

1. श्रमिक क्या काम करता है ?
2. श्रवण कुमार कौन था ?



श्रीफल



श्रद्धा



श्रवण

# ड़

काली **सड़क** दूर तक जाती,
मंजिल पर सबको पहुँचाती।

**KIDS IQ**

1. सड़क पर चलते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए ?
2. क्या आपकी मम्मी साड़ी पहनती हैं ?





गाड़ी



साड़ी



सड़क

# ढ़

बढ़ई, है कुरसी–मेज बनाता,
आरी लकड़ी पर तेज चलाता।

**KIDS IQ**

1. बढ़ई क्या काम करता है ?
2. पढ़ाई क्यों जरूरी है ?





चढ़ाई



पढ़ाई



बढ़ई

# अभ्यास

चित्रों का सही अक्षरों से मेल मिलाओ–



ल श य



ज्ञ य स



श र श्र



श य श्र



श्र क्ष ष



ज्ञ व र



क्ष ल ह



र स व



ह ज्ञ श



ह र त्र



व ष ल



त्र ल स

# अभ्यास

चित्र देखो और मिलान करो-



ओ



आ



अ



ऋ



ई



ए

# अभ्यास

चित्रों को पहचानकर उनका पहला अक्षर लिखो-



















# पुनरावलोकन

**स्वर**

अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ ओ औ अं अः

➢ ऊपर दिए गए अक्षरों को 'स्वर' कहते हैं। ये संख्या में 13 होते हैं।

**व्यंजन**



| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| क | ख | ग | घ | ङ | क वर्ग |
| च | छ | ज | झ | ञ | च वर्ग |
| ट | ठ | ड | ढ | ण | ट वर्ग |
| त | थ | द | ध | न | त वर्ग |
| प | फ | ब | भ | म | प वर्ग |
| य | र | ल | व | श | |
| | ष | स | ह | | |



➢ ये सभी अक्षर 'व्यंजन' कहलाते हैं। ये संख्या में 33 होते हैं।

क्ष त्र ज्ञ श्र

➢ इनको 'संयुक्त व्यंजन' कहा जाता है। ये संख्या में 4 होते हैं।

ड़ ढ़

➢ इन 2 अक्षरों को 'अतिरिक्त वर्ण' कहा जाता है।